# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)
E-Mail :- rorpcb.bharatpur@gmail.com, Tel. No. 05644-238114


## जन सुनवाई कार्यवृत्त विवरण (मिनट्स)

मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स (विक्रम सिंह सागवान), अप्रधान खनिज मैसनरी स्टोन खनन परियोजना, खनन पट्टा/प्लॉट संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233 (कुल 08 खनन पट्टे प्रस्तावित) खसरा संख्या 1174, क्लस्टर संख्या 05, कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 32.00 हैक्टेयर, सम्पूर्ण क्लस्टर की कुल प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75,98,875 टन प्रति वर्ष (ROM), [Mineral-72,18,931.25 TPA + Waste 3,79,943.75 TPA] निकट ग्राम बांस बुर्जा, तहसील सीकरी, जिला डीग के लिये पर्यावरण स्वीकृति बाबत् **दिनांक 03.12.2025 (बुधवार) को 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत बांसबुर्जा, तहसील सीकरी जिला डीग** में आयोजित जन सुनवाई का कार्यवृत्त विवरण (मिनिट्स)।

भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 तथा यथा संशोधित दिसम्बर 2009 एवं Office Memorandum No. J-1101/387/2008-1-A-11 (m) dated 28th September 2011 के प्रावधानों के अनुसार मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स (विक्रम सिंह सागवान), अप्रधान खनिज मैसनरी स्टोन खनन परियोजना, खनन पट्टा/प्लॉट संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233 (कुल 08 खनन पट्टे प्रस्तावित) खसरा संख्या 1174, क्लस्टर संख्या 05, कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 32.00 हैक्टेयर, सम्पूर्ण क्लस्टर की कुल प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75,98,875 टन प्रति वर्ष (ROM), [Mineral-72,18,931.25 TPA + Waste 3,79,943.75 TPA] निकट ग्राम बांस बुर्जा, तहसील सीकरी, जिला डीग परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति बाबत् **दिनांक 03.12.2025 (बुधवार) को 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत बांसबुर्जा, तहसील सीकरी, जिला डीग** में सुनवाई आयोजित की गई।

जन सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर परिशिष्ट **"अ"** पर संलग्न है। जन सुनवाई बाबत् आम सूचना दिनांक 01.11.2025 को "दैनिक भास्कर" व "द इण्डियन एक्सप्रेस" समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाई गयी थी जिसकी प्रतियाँ परिशिष्ट **"ब"** पर संलग्न हैं।

# क्षेत्रीय कार्यालय
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल**
**जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,**
**श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)**
**E-Mail :- rorpcb.bharatpur@gmail.com, Tel. No. 05644-238114**


बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए श्री उमेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भरतपुर द्वारा उपस्थित सभी आंगतुकों का स्वागत करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अन्तर्गत जनसुनवाई की आवश्यकता/प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया कि यह जनसुनवाई, मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स (विक्रम सिंह सागवान), अप्रधान खनिज मैसनरी स्टोन खनन परियोजना, खनन पट्टा/प्लॉट संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233 (कुल 08 खनन पट्टे प्रस्तावित) खसरा संख्या 1174, क्लस्टर संख्या 05, कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 32.00 हैक्टेयर, सम्पूर्ण क्लस्टर की कुल प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75,98,875 टन प्रति वर्ष (ROM), [Mineral-72,18,931.25 TPA + Waste 3,79,943.75 TPA] निकट ग्राम बांस बुर्जा, तहसील सीकरी, जिला डीग परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिनियम – 2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत की जा रही है।

श्री उमेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, रा.प्र.नि.मं., भरतपुर ने उपखण्ड अधिकारी, सीकरी जिला डीग एवं पधारे हुए समस्त ग्रामवासियों का अभिनन्दन किया एवं जनसुनवाई की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन सुनवाई से प्रस्तावित परियोजना के बारे में जनचेतना का विकास एवं संचार होता है, साथ ही परियोजना से पर्यावरण के संरक्षण सम्बन्धी जन मानस की सोच एवं सुझाव भी उपलब्ध हो जाते हैं। श्री उमेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, रा.प्र.नि.मं., भरतपुर ने बताया कि इस बैठक में उपस्थित जन, मौखिक एवं लिखित रूप से अपनी आपत्तियॉं, सुझाव, अथवा राय दे सकते हैं।

तत्पश्चात् श्री अमित कुमार मीणा, उपखण्ड अधिकारी, सीकरी, जिला डीग, की अनुमति से परियोजना के तकनीकी परामर्शदाता श्री यश चौहान, पर्यावरणीय सलाहकार, मंत्राज ग्रीन रिसोर्सेज प्राईवेट लिमिटेड, मालवीय नगर, जयपुर द्वारा खनन परियोजना एवं खनन कार्य के पर्यावरणीय प्रभाव का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। तकनीकी परामर्शदाता श्री यश चौहान द्वारा उपस्थित जन समुदाय को जनसुनवाई के प्रावधानों व उद्देश्यों के बारे में एवं खनन की विधि, प्रस्तावित पर्यावरणीय संरक्षण के उपाय व उनकी लागत, प्रस्तावित सामाजिक दायित्वों के कार्यक्रम व उनकी लागत व प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम, प्रस्तावित पर्यावरणीय क्षति का आंकलन, उपचार योजना एवं

# क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)
E-Mail :- rorpcb.bharatpur@gmail.com, Tel. No. 05644-238114

सामुदायिक संसाधन वृद्धि योजना एवं खनन के बारे में पूर्ण रूप से बताया। इस परियोजना में खनन कार्य हर प्रकार के नियमों व मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए व पर्यावरण को सुदृढ रखते हुए किया जाएगा एवं पर्यावरण प्रभाव आंकलन के सांराश के बारे में बताते हुए स्पष्ट किया कि पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए खनन परियोजना प्रस्तावकों द्वारा किस प्रकार परियोजनाओं का विकास किया जाएगा।

तदोपरान्त क्षेत्रीय अधिकारी, रा.प्र.नि.मं., भरतपुर एवं उपखण्ड अधिकारी, सीकरी जिला डीग द्वारा जन सुनवाई में पधारे हुए लोगों से उक्त खनन परियोजना एवं पर्यावरण पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में सुझाव/आपत्ति/राय व्यक्त करने/प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित किया जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

सर्वप्रथम श्री दयाराम निवासी ग्राम लहरवाडा तहसील सीकरी जिला डीग द्वारा बताया कि हमें इस बात की खुशी है कि यदि इन खनन पट्टों को पर्यावरणीय स्वीकृति मिलती है और यह चालू होते हैं तो यहॉ के स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध होगा एवं रोजगार के साधन बनेंगे।

इसके पश्चात श्री फजरूद्दीन निवासी ग्राम बांसबुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग द्वारा बताया गया कि इन खनन पट्टों के आवंटन से स्थानीय लोगों को प्रदूषण सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पडेगा एवं इन खनन पट्टों पर लगने वाले क्रशरों से आस–पास के खेतों में धूल उडने से प्रदूषण होगा एवं खनन से सम्बन्धी सामग्री के आवागमन के लिये इस्तेमाल होने वाले डम्पर एवं ट्रैक्टरों से भी सडक पर धूल एवं ध्वनि प्रदूषण होने की संभावना है। जिसके प्रत्युत्तर में परियोजना के तकनीकी परामर्शदाता श्री यश चौहान द्वारा बताया गया कि खनन के दौरान उडने वाली धूल को रोकने के लिये निरन्तर पर्याप्त मात्रा में पानी का छिडकाव किया जावेगा एवं रोड के किनारे–किनारे सघन वृक्षारोपण किया जावेगा।

इसके पश्चात श्री रौकिल निवासी ग्राम बांसबुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग द्वारा बताया गया कि जो खदान वर्तमान में चालू हैं उनसे ग्राम बांसबुर्जा के रास्ते क्षतिग्रस्त हैं एवं यह जानना चाहा कि इन खनन पट्टों में उत्पादन के दौरान वायु प्रदूषण रोकने के लिये क्या उपाय किये जायेंगे एवं स्थानीय लोगों के रोजगार का क्या होगा। इसके प्रत्युत्तर में परियोजना के तकनीकी

# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)
E-Mail :- rorpcb.bharatpur@gmail.com, Tel. No. 05644-238114

परामर्शदाता श्री यश चौहान द्वारा बताया गया कि लगभग 200 स्थानीय ग्रामवासियों को रोजगार दिया जायेगा एवं खनन परियोजना प्रारम्भ होने पर परियोजना स्थल से जुडी ग्राम सडकों का निर्माण एवं रखरखाव हेतु प्रतिवर्ष बारह लाख रूपये सामाजिक उत्तरदायित्व बजट के अन्तर्गत प्रस्तावित है।

इसके पश्चात श्री अतिमौहम्मद निवासी ग्राम बांसबुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पडेगा अतः यह परियोजना प्रारम्भ न हो एवं जिस पहाड पर यह खनन पट्टे प्रस्तावित हैं वह पहाड अपने मूल स्वरूप में ही रहे। इसके प्रत्युत्तर में परियोजना के तकनीकी परामर्शदाता श्री यश चौहान द्वारा बताया गया कि यह खनन पट्टे सरकार द्वारा आवंटित की गयी है एवं इस परियोजना से सम्बन्धित स्थानीय लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखकर ही खनन परियोजना का कार्य किया जावेगा।

इसके पश्चात श्री मौहम्मद हुसैन निवासी ग्राम जलालपुर तहसील सीकरी जिला डीग ने बताया कि इन खनन परियोजनाओं के आने से ग्राम का विकास होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा एवं उन्हें प्रस्तावित खनन परियोजनाओं से कोई आपत्ति नहीं है।

अन्त में खनन परियोजना प्रस्तावक श्री विक्रम सिंह सागवान द्वारा बताया गया कि इस परियोजना के आने से स्थानीय ग्राम का विकास होगा एवं स्थानीय लोगों की समस्याओं का ध्यान रखा जायेगा एवं खनन कार्य के दौरान होने वाली क्षति की पूर्ति किये जाने का भी प्रावधान है एवं परियोजना में सडक के किनारे लगभग 10,600 से अधिक वृक्षों का सघन वृक्षारोपण किया जावेगा। नियमित रूप से पानी का छिडकाव किया जावेगा एवं खनन कार्य हेतु पी.यू.सी. प्राप्त वाहनों का ही उपयोग किया जावेगा। परियोजना प्रारम्भ होने पर लगभग 200 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से भी लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई के दौरान लिखित अभ्यावेदन/पत्र भी प्राप्त हुए जिनका विवरण निम्नानुसार है :—

1. मन्दिर श्री प्रेम वन बिहारी जी सेवल, तहसील सीकरी जिला डीग से प्राप्त पत्र संलग्न परिशिष्ट— **"स"**
2. श्री जफरूददीन से प्राप्त पत्र संलग्न परिशिष्ट— **"द"**

# क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल**
**जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,**
**श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)**
**E-Mail :- rorpcb.bharatpur@gmail.com, Tel. No. 05644-238114**


3. श्री हनीफ खान निवासी ग्राम बांसबुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग से प्राप्त पत्र संलग्न परिशिष्ट-- **"य"**
4. श्री जुबेरखान, श्री खालिद आदि समस्त निवासी ग्राम बांसबुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग से प्राप्त पत्र संलग्न परिशिष्ट-- **"र"**
5. श्रीमती संजीदा, प्रशासक, कार्यालय ग्राम पंचायत बांसबुर्जा एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम बांसबुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग से प्राप्त पत्र संलग्न परिशिष्ट-- **"ल"**

तत्पश्चात् श्री अमित कुमार मीणा, उपखण्ड अधिकारी, सीकरी जिला डीग ने समीक्षात्मक उद्बोधन एवं धन्यवाद् व्यक्त करते हुये बैठक में उपस्थित जनों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखे गये विचार व सुझाव/आपत्तियॉ रिकॉर्ड किये गये हैं। आपके विचार व सुझाव/आपत्तियॉ सभी सम्मिलित कर सम्बन्धित विभाग को पारदर्शिता के साथ भेजे जायेंगे, जिसके समग्र बिन्दुओं पर विचारोपरांत ही खदानों को पर्यावरणीय स्वीकृति दिये जाने का निर्णय लिया जायेगा।

अन्त में श्री उमेश कुमार क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भरतपुर एवं श्री अमित कुमार मीणा, उपखण्ड अधिकारी, सीकरी, जिला डीग ने पुनः आमजन से आग्रह किया कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस परियोजना के बारे में सुझाव या शिकायत हो तो बैठक को अवगत करायें। कोई भी अतिरिक्त सुझाव या शिकायत प्राप्त ना होने पर अन्त में श्री उमेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भरतपुर द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ श्री अमित कुमार मीणा, उपखण्ड अधिकारी, सीकरी जिला डीग की अनुमति से पर्यावरणीय लोक सुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

(उमेश कुमार)
क्षेत्रीय अधिकारी,
रा.प्र.नि.मं.,भरतपुर

(अमित कुमार मीणा)
उपखण्ड अधिकारी, सीकरी
जिला डीग।

परिशिष्ट – अ

## क्षेत्रीय कार्यालय
## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
## जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, श्यामा प्रसाद मुखजी नगर, भरतपुर (राज)
## उपस्थिति विवरण प्रपत्र

मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स (विक्रम सिंह सागवान), अप्रधान खनिज मैसनरी स्टोन खनन परियोजना, खनन पट्टा/प्लॉट संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233 (कुल 08 खनन पट्टे प्रस्तावित) खसरा संख्या 1174, क्लस्टर संख्या 05, कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 32.00 हैक्टे., सम्पूर्ण क्लस्टर की कुल प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75,98,875 टन प्रति वर्ष (ROM), [Mineral-72,18,931.25 TPA + Waste 3,79,943.75 TPA] निकट ग्राम बांस बुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 03.12.2025 (बुधवार) को 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत बांसबुर्जा, तहसील सीकरी जिला डीग** का उपस्थिति विवरण :–

| क्र.सं. | नाम | पता | मोवाइल नं. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Amit Kr. Meena | SDM, Sikri | 7814908202 | [signature] |
| 02 | Umesh Kumar | RO, RSPCB, Bharatpur | 9509508226 | उमेश |
| 03 | Vikram Singh | Vill-Asavari | 9991302774 | [signature] |
| 04 | S.K. Arora | VP-Bharatpur | 9414654526 | [signature] |
| 05 | Kuldeep Singh | Bans Burja | 9549333200 | [signature] |
| 06 | राजेन्द्र सिंह | बासबर्जा | 6375794128 | [signature] |
| 07 | रामचरन | बाँसबुर्जा | 7742080651 | [signature] |
| 08 | अजीत सिंह | बाँसबुर्जा | 982988168 | अजीत |
| 09 | समयचन्द | [illegible] बासबुर्जा | 8440998865 | समयचन्द |
| 10 | सुरेन्द्र [illegible] | [illegible] | 9024216004 | [signature] |
| 11 | रामू | ईदगाह बासबुर्जा | 8094009778 | |
| 12 | सुनील | ईदगाह बासबुर्जा | 998316858 | सुनील |
| 13 | किशन | [illegible] | 8058499628 | किशन |
| 14 | मगन | | 9828310262 | मगन |
| 15 | मुसलका | बासबुर्जा | | मुसलका |
| 16 | रोकिन | बास बुर्जा | 9783453474 | [signature] |
| 17 | मनमोहन | नगला | 9778152914 | मनमोहन |
| 18 | रहमान | बासबुर्जा | 9521435316 | रहमान |
| 19 | जाहिद | जाजिमाला | 998380632 | 49 जाहिद |
| 20 | सुलेमान | बासबुर्जा | 9983804851 | सुलेमान |

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, श्यामा प्रसाद मुखजी नगर, भरतपुर (राज)
उपस्थिति विवरण प्रपत्र

मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स (विक्रम सिंह सागवान), अप्रधान खनिज मैसनरी स्टोन खनन परियोजना, खनन पट्टा/प्लॉट संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233 (कुल 08 खनन पट्टे प्रस्तावित) खसरा संख्या 1174, क्लस्टर संख्या 05, कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 32.00 हैक्टे., सम्पूर्ण क्लस्टर की कुल प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75,98,875 टन प्रति वर्ष (ROM), [Mineral-72,18,931.25 TPA + Waste 3,79,943.75 TPA] निकट ग्राम बांस बुर्जा तहसील सीकरी जिला डीग के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 03.12.2025 (बुधवार) को 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत बांसबुर्जा, तहसील सीकरी जिला डीग** का उपस्थिति विवरण :-

| क्र.सं. | नाम | पता | मोवाइल नं. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 21 | दयाराम | गांव लहरवाड़ा (बास बुर्जा) | 7622032872 | दयाराम |
| 22 | गोपीराम | | 9772404546 | गोपीराम |
| 23 | मदन | अकबरपुर बासबुर्जा | 7568004626 | मदन |
| 24 | धर्मचन्द | मनापुरी बासबुर्जा | | धर्मचन्द |
| 25 | मो० हुसैन | कृष्णपुरी - आलावास सीकरी | 8890841732 | [signature] |
| 26 | यश चौहान | जयपुर | | [signature] |
| 27 | राजेन्द्र सिंह | जयपुर (राजस्थान) | 8233681751 | [signature] |
| 28 | दीपेन्द्र सिंह | जयपुर | 8562810400 | दीपेन्द्र सिंह |
| 29 | MANUJ PAHAL | Charkhi Dadri Haryana | 9812282078 | Manuj |
| 30 | कमरुद्दीन अपती | बासबुर्जा | | कमरुद्दीन |
| 31 | अलीमोहम्मद | बासबुर्जा | 9983055101 | [thumb impression] |
| 32 | Vijay Singh | भिवानी हरियाणा | 9813583000 | [signature] |
| 33 | Devesh | Rajgarh Churu | 9996811774 | [signature] |
| 34 | Lalr | RSPCB Bharatpur | 9521276063 | Lalr |
| 35 | Jasveen | Charkhi Dadri, Hr | | Jasveen |
| 36 | आनन्द | | | [signature] |
| 37 | [illegible] | | | [signature] |
| 38 | | | | |
| 39 | | | | |
| 40 | | | | |

पारिशिष्ट - ब

# मंदिर श्री प्रेम वन बिहारी जी सेवल


हरे कृष्ण
सेवल मंदिर

तहसील- सीकरी, जिला- डीग राजस्थान - 301001

+91-77378-78188 sewalmandir@gmail.com

रजि. क्रमांक 614/1979





OUR INSPIRATION - SRILA PRABHUPADA

सेवा में
श्रीमान राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
क्षेत्रीय कार्यालय, भरतपुर

विषय :- प्रस्तावित मैसनरी स्टोन क्लस्टर खनन परियोजना क्लस्टर नं. 5 निकट ग्राम बांस कुजा तह. सीकरी को रद्द करने के संबंध में

महोदय

निवेदन है कि प्रस्तावित खनन परियोजना में सघन वन होता है, इसमें बहुत सारे वन्य जीवों का वास है साथ ही निकट में प्राचीन सेवल मंदिर है जहां हजारों दर्शनार्थी आते हैं यहां एक गोशाला भी है जिसमें करीब 300 गौ वंश हैं, जो आस पास के पहाड़ में चरने के लिए जाती हैं साथ ही आस पास के गाँवों से गाय, भैंस, बकरियाँ, भेड आदि पशु भी यहां चरने आते हैं माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी अरावली पर्वतमाओं में नवीन खनन पर रोक लगाई है

अतः पर्यावरण, वन्य जीवों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त खनन को रद्द किया जावे नहीं तो व्यापक स्तर पर जनआन्दोलन किया जायेगा

हरे कृष्ण।

सादर

For Mandir Shri Prem Van Bihari Ji Sewa

JJKD

Authorised Signatory

परिशिष्ट-'द'

सेवा मे

श्रीमान SDM महोदय

सीकरी डीग (राज०) 321024

विषय - खनन रोकने बाबत

महोदय -

निवेदन है की हमारे गांव बास कुर्जा मे जो पहाड मे खनन जारी किये जा रहे है। उनसे हमे आपत्ति है। इसलिये महोदय से निवेदन है। कि पहाड मे होने वाले खनन को रोका जाये। आपकी अति कृपा होगी

प्रार्थी

जयकुंवीर 9828768151

परिशिष्ट -'घ'

सेवा मे,

श्रीमान S D M महोदय
सीकरी, डीग (राज०)

विषय- ग्राम बास बुर्जा मे जारी हो रहे पहाड मे खनन को रुकने बाबत्

महोदय-

सविनय निवेदन है की मेरे गांव बास बुर्जा के पहाड मे जो खनन कार्य जारी किया जा रहा है। उससे हमे काफी परेशानीयां है। जैसे प्रदुषण का फैलना फसलो का नुकसान होना, पशुओ के चारा गाहो की परेशानिया, प्रदुषण के कारण मानव शरीर मे होने वाली अन्य बीमारिया, इसलिये महोदय से निवेदन है की पहाड मे होने वाले खनन को रोका जाये

आपकी अति कृपा होगी

इलिक खान

~~9783453474~~
9783115762

परिशिष्ट -'र'

सेवा में,

माननीय ADM महोदय,

भरतपुर

विषय :- प्रस्तावित क्लस्टर नं. 5 चेजा पत्थर लीजो को शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु सामुहिक निवेदन ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि ग्राम बारा बुर्जा के हम सभी निवासी हमारे क्षेत्र में प्रस्तावित चेजा पत्थर की लीजो को चालू करवाने के समर्थन में यह आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।

लीजो शुरू होने से गांव के मजदूरो, युवाओ, वाहन चालको, मशीन ऑपरेटरो तथा अन्य ग्रामीणो को रोजगार प्राप्त होगा। इससे गांव की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यो में भी सहयोग मिलेगा।

लीज संचालको ने हमें पूर्ण आश्वासन दिया है कि सभी नियम-कानूनो के अनुसार कार्य करेंगे तथा पर्यावरण और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

अतः हम ग्रामवासी इन लीजो को चालू करने के पूर्ण समर्थन में है और जन-सुनवाई में इनकी अनुमति प्रदान करने का निवेदन करते हैं।

दिनांक - 03-12-2025

भवदीय

शकिल

जुबेर खान

अफरुद्दीन

इस्माइल

जान

साहुन खांन

जाहुल

ताहिर

फारुक

परिशिष्ट -ल

# कार्यालय - ग्राम पंचायत बासबुर्जा

पंचायत समिति नगर, जिला–डीग (राज०)

| प्रेषक :– | | प्रेषित :– |
|---|---|---|
| प्रशासक<br>ग्राम पंचायत बासबुर्जा<br>पंचायत समिति नगर (डीग) राज० | राज. सरकार<br>सत्यमेव जयते | श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय<br>जिला डीग राज० |

क्रमांक : SPL - 02

दिनांक 03/12/2025

सेवा मे,

श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय
जि० डीग राजस्थान - (321024)

विजय → ग्राम पंचायत बास बुर्जा मे होने वाली खनन को रुकवाने बाबत

महोदय उपरोक्त निवेदन है की ग्राम पंचायत बास बुर्जा मे जो खनन मन्जूर किया जा रहा है। जिसका सर्वसहमति से ग्राम पंचायत बास बुर्जा खनन को रोकने का विरोध करती है। जिसका कारण हमारे गांव के पानी का जल का स्तर कम होना, फसल का नुकसान होना, पशु-चारा, व गऊ-चारा का कम होना, प्रदुषण के कारण अन्य बीमारीयो का फैलना, और होने वाली अन्य हानियां।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है की इन सभी बातो को ध्यान मे रखते हुऐ, खनन को रोकने की कृपा करे,

आपकी अति कृपा होगी

प्रतिलिपि

(1) जिला कलेक्टर महोदय
(11) राजस्व विभाग जयपुर (अजमेर)
(3) राजपाल महोदय जयपुर (राज०)

वकील 9828237504

प्रार्थी
सजीदा
**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत बासबुर्जा**
**पं० स० नगर (डीग) राज०**

अहमद
आबिद
सौराप
सुबराती
बाबूराम
हरजीत सिंह
ख्वार
इलीयास

मुस्ताक जोमा खां शौकत

इदरुब नाजिम

आबिद



नि॰ बेलू सिंह



नि॰ मुद्दूरखां



मालिक

नसरु



मोहनत खां नि॰ सिराजुद्दीन



नि॰ सत्तबू

आमीन इस्लाम

रामचन्द्र

इंजाम हाकम

समयदीन हिम्मत सवाई

कामल उमकरन जाकुल

मगन सिंह

गुरमीत सिंह अब्दुल्ला

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर द्वारा आयोजित

पर्यावरण स्वीकृति हेतु सामूहिक जन-सुनवाई

# "प्रस्तावित मैसनरी स्टोन (चेजा पत्थर) क्लस्टर खनन परियोजना" (क्लस्टर न. 05)

**निकट ग्राम- बांस बुर्जा, तहसील- सीकरी, जिला- डीग (राजस्थान)**

क्लस्टर की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75,98,875 टन/वर्ष (आर. ओ. एम.)

(चेजा पत्थर -72, 18,931.25 टी.पी.ए, अवशिष्ट- 3, 79,943.75 टी.पी.ए.)

क्लस्टर में स्थित कुल खनन परियोजना -08 व क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल- 32.00 हेक्टेयर,

खसरा सं. 1174 (सरकारी भूमि)

**क्लस्टर में स्थित खनन परियोजनाओ का विवरण**

| क्र.सं. | पट्टाधारक का नाम | प्लाट न. | क्षेत्रफल हेक्टेयर में | क्लस्टर की उत्पादन क्षमता टन/वर्ष (आरओ एम) | खनन परियोजनाओ की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स | 226 | 4.00 | 956750 | मंशा पत्र |
| 2. | मैसर्स भरतपुर स्टोन माइन्स | 227 | 4.00 | 948625 | मंशा पत्र |
| 3. | मैसर्स शिव भोले स्टोन क्रेशर कम्पनी | 228 | 4.00 | 955625 | मंशा पत्र |
| 4. | मैसर्स जगदीश पहल स्टोन क्रेशर कम्पनी | 229 | 4.00 | 962625 | मंशा पत्र |
| 5. | मैसर्स गैलेक्सी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड | 230 | 4.00 | 943000 | मंशा पत्र |
| 6. | मैसर्स गैलेक्सी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड | 231 | 4.00 | 952750 | मंशा पत्र |
| 7. | मैसर्स देव दशरथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड | 232 | 4.00 | 937875 | मंशा पत्र |
| 8. | मैसर्स देव दशरथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड | 233 | 4.00 | 941625 | मंशा पत्र |
| | कुल क्षेत्रफल एवं उत्पादन क्षमता | | 32.00 | 7598875 | |

**जनसुनवाई का स्थान – भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केंद्र ग्राम पंचायत बांस बुर्जा, तहसील- सीकरी, जिला- डीग, राजस्थान**

**दिनांक- 03.12.2025 समय – प्रात: 11:00 बजे**

**आवेदक: श्री विक्रम सिंह सांगवान (भरतपुर स्टोन माइंस क्लस्टर हेतु अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)**

**पता- असवारी, उप जिला-दादरी, जिला-भिवानी, हरियाणा**